भाजपा विजय की 9वीं सालगिरह

# 71 हजार नियुक्ति पत्र दिए

अर्चिस मोहन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 मई, 2014 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली जीत के नौ साल पूरे होने के मौके पर मंगलवार को 'रोजगार मेले' में 71,206 नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर, 2022 से अब तक ऐसे पांच आयोजनों में 3.59 लाख नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।

पिछले साल जून में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट किया था कि मोदी ने सभी विभागों और मंत्रालयों को दिसंबर 2023 तक 'अगले 18 महीने में' अभियान चलाते हुए 10 लाख लोगों की भर्ती करने के निर्देश दिए थे।

इस कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन की दिशा में अपनी सरकार की पहलों के बारे में बात की और कहा कि पिछले कुछ हफ्ते में उद्योग और निवेश के क्षेत्र में 'अभूतपूर्व सकारात्मकता' देखी गई है और साथ ही उन्होंने वैश्विक कंपनियों के प्रमुख सीईओ के साथ अपनी बैठकों का ब्योरा दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने कुछ दिन पहले वॉलमार्ट के सीईओ (डग मैकमिलन) से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी अगले तीन-चार साल में भारत से 80,000 करोड़ रुपये के सामान का निर्यात शुरू करेगी। यह हमारे युवाओं के लिए बड़ी खबर है जो लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में काम करना चाहते हैं।'

मोदी ने कहा कि अपनी भारत यात्रा के दौरान सिस्को के सीईओ चक रॉबिंस ने उन्हें बताया कि उनकी कंपनी भारत से 8,000 करोड़ रुपये के उत्पादों के निर्यात का लक्ष्य लेकर चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स के शीर्ष अधिकारियों ने हाल ही में उनसे मुलाकात की और वे भारत के सेमीकंडक्टर तंत्र की क्षमता को लेकर बेहद 'सकारात्मक' थे। मोदी ने कहा, 'फॉक्सकॉन ने भारत में अपनी कई परियोजनाओं में हजारों करोड़ रुपये का निवेश शुरू कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले सप्ताह वह कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्याधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात करेंगे जो भारत में निवेश को लेकर उत्साहित हैं और ये प्रयास इस बात का सबूत हैं कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 2018-19 के बाद के पेरोल आंकड़ों के अनुसार 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को संगठित क्षेत्र में नौकरी मिली है। उन्होंने कहा, 'यह स्पष्ट है कि संगठित क्षेत्र की नौकरियों और स्वरोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि हुई है।'

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि आज ही के दिन 16 मई को नौ साल पहले लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए थे, जिसका पूरे देश ने जश्न मनाया था। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर सरकार और भाजपा की व्यापक योजनाएं हैं, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा 30 मई को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करना और संभवतः नए संसद भवन का उद्घाटन करना शामिल है जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने से पहले स्टार्टअप की संख्या कुछ सौ थी जो बढ़कर करीब एक लाख हो गई और अनुमान है कि इन स्टार्टअप ने कम से कम 10 लाख नौकरियां दी हैं। सरकार ने 2014 से मुद्रा योजना के तहत 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए हैं जिससे नागरिकों को नए व्यवसाय स्थापित करने, टैक्सी खरीदने या अपने मौजूदा दुकानों, प्रतिष्ठानों का विस्तार करने में मदद मिली है। इस योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के बाद लगभग 8-9 करोड़ नागरिक पहली बार उद्यमी बन गए हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार में 30 लाख रिक्तियां हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने रोजगार मेलों के माध्यम से शासन को एकदम निचले स्तर पर पहुंचा दिया है जैसे कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इन नौकरियों का सृजन किया हो और मानो वह व्यक्तिगत रूप से इन नौकरी पाने वालों को भुगतान कर रहे हों और जिन्हें ये नौकरियां मिली हैं उन्हें सिर्फ और सिर्फ उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए।

रमेश ने कहा कि इस देश में रोजगार चाहने वाले युवा जानते हैं कि यह वही प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में लाखों-लाख नौकरियों के अवसर खत्म कर दिए क्योंकि उन्होंने नोटबंदी का फैसला करने, त्रुटियों से भरी जीएसटी लागू करने, एमएसएमई के दायरे को सीमित करने और सार्वजनिक उपक्रमों के बड़े पैमाने पर निजीकरण करने का निर्णय लिया।



## अब तक 3.59 लाख नियुक्ति पत्र

- प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर, 2022 से अब तक रोजगार मेले जैसे पांच आयोजनों में 3.59 लाख नियुक्ति पत्र सौंपे हैं
- मोदी ने पिछले साल सभी विभागों और मंत्रालयों को दिसंबर 2023 तक 'अगले 18 महीने में' अभियान चलाते हुए 10 लाख लोगों की भर्ती करने का निर्देश दिया था
- ईपीएफओ) के 2018-19 के बाद के पेरोल आंकड़ों के अनुसार 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को संगठित क्षेत्र में नौकरी मिली है

# कर्नाटक में मुख्यमंत्री पर कशमकश जारी

**कर्नाटक** का अगला मुख्यमंत्री चुनने के लिए कांग्रेस में मंगलवार को भी गहन मंथन जारी रहा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहले राहुल गांधी के साथ चर्चा की तथा फिर पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे दोनों नेताओं सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। खरगे ने सोमवार को भी पार्टी के तीनों पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की थी। पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित विधायकों की राय के आधार पर उन्हें अपनी रिपोर्ट भी सौंपी थी।

इस बीच, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जी परमेश्वर ने वस्तुतः अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि अगर पार्टी आलाकमान उन्हें मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी देता है तो वह इसे संभालने के लिए तैयार हैं। खरगे ने कर्नाटक में पार्टी विधायक दल का नेता चुनने के लिए मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला शामिल हुए। इसके बाद शाम के समय खरगे ने पहले डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया से अलग-अलग मुलाकात की। पहले शिवकुमार खरगे के आवास पर पहुंचे और वहां करीब आधे घंटे तक रहे। उनके जाने के बाद सिद्धरमैया ने कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की। सिद्धरमैया एक घंटे से अधिक समय तक खरगे के आवास पर रहे। इस मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने मीडिया से बात नहीं की।

इस मुलाकात से पहले शिवकुमार ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी मेरा मंदिर है, कांग्रेस पार्टी हमारी सबसे बड़ी ताकत है इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से जुड़ी एक खबर को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके लिए मां की तरह है और इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। कुरुबा समुदाय से ताल्लकु रखने वाले सिद्धरमैया और वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री का फैसला अगले एक-दो दिन में हो जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पार्टी के तीनों पर्यवेक्षकों के साथ सोमवार को गहन मंत्रणा की थी, लेकिन कोई फैसला नहीं हो सका था। खरगे ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनने के लिए वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे, जितेंद्र सिंह और दीपक बाबरिया को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। तीनों पर्यवेक्षकों ने पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों से अलग-अलग बात कर उनकी राय जानी थी और फिर उन्होंने खरगे को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कांग्रेस विधायक दल की रविवार शाम बेंगलूरु के एक निजी होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष खरगे को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया गया, जो कर्नाटक का अगला मुख्यमंत्री बनेगा। राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीट अपने नाम कीं। **भाषा**



दिल्ली में खरगे से मिले डीके शिवकुमार


बैंक ऑफ महाराष्ट्र / Bank of Maharashtra / भारत सरकार का उद्यम / एक परिवार एक बैंक

प्रधान कार्यालय: "लोकमंगल", 1501, शिवाजी नगर, पुणे - 411 005.

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 भारत 2023 INDIA

**खरीद के लिए अनुरोध (आरएफपी)**

खरीद के लिए अनुरोध (आरएफपी) के संदर्भ में - बोली संख्या के **साथ कैपेक्स मॉडल के तहत 300 मल्टी-फंक्शन कियोस्क की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए आरएफपी #02/2023-24: जीईएम/2023/बी/3368318 दिनांक 19.04.2023** बैंक के पर प्रकाशित कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** बोली जमा करने की नियत तारीख **26.05.2023** को **16:00** बजे तक बढ़ा दी गई है। बोलियां 26.05.2023 को 16:30 बजे ऑनलाइन खोली जाएंगी।

आरएफपी के लिए विस्तृत शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** पर 'निविदा अनुभाग' में **12.05.2023** से उपलब्ध कराया जाएगा।

बैंक बिना कोई कारण बताए आरएफपी प्रक्रिया को रद्द या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ह/-

**दिनांक : 15.05.2023** **मुख्य डिजिटल अधिकारी**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र / Bank of Maharashtra / भारत सरकार का उद्यम / एक परिवार एक बैंक

प्रधान कार्यालय: "लोकमंगल", 1501, शिवाजी नगर, पुणे - 411 005.

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 भारत 2023 INDIA

**खरीद के लिए अनुरोध (आरएफपी)**

खरीद के लिए अनुरोध (आरएफपी) के संदर्भ में - **300 पासबुक प्रिंटिंग किओस्क की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए आरएफपी # 02/2023-24: जीईएम/2023/बी/3365232 दिनांक 26.04.2023** बैंक के कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in**, पर प्रकाशित, बोली जमा करने की नियत तारीख **29.05.2023** को **16:00** बजे तक बढ़ा दी गई है। बोलियां **29.05.2023** को **16:30** बजे ऑनलाइन खोली जाएंगी।

आरएफपी के लिए विस्तृत शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** पर **'निविदा अनुभाग'** में **15.05.2023** से उपलब्ध कराया गया है।

बैंक बिना कोई कारण बताए आरएफपी प्रक्रिया को रद्द या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ह/-

**दिनांक : 16.05.2023** **मुख्य डिजिटल अधिकारी**

**ई-नीलामी: सी एंड सी कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड (परिसमापन में)**
**(CIN : L45201DL1996PLC080401)**

**दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत सी एंड सी कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड लाभकारी प्रतिष्ठान के रूप में की बिक्री**

सार्वजनिक ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से, एनसीएलटी (प्रधान पीठ, नई दिल्ली) के 07 अक्टूबर, 2022 के आदेश के अनुसार में सी एंड सी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (''कॉरपोरेट ऋणदाता'') जो विभिन्न ग्राहकों/प्राधिकरणों के पक्ष में बैंकों द्वारा जारी की गई हैं, जो सभी बैंक गारंटी **(''बीजी'')** को पूरी तरह से अपनाने/लेने के स ाथ परिसमापन के अधीन है, की बिक्री को परिसमापन के अधीन घोषित किया गया है।

इच्छुक आवेदक सी एंड सी कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड की वेबसाइट पर **https://www.candcinfrastructure.com/liquidation.php** और ई-नीलामी वेबसाइट **https://ncltauction.auctiontiger.net** पर अपलोड किए गए विस्तृत परिसंपत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन का संदर्भ ले सकते हैं।

नीलामी बिक्री ई-नीलामी मंच : **https://ncltauction.auctiontiger.net** के माध्यम से की जाएगी।

| कॉर्पोरेट ऋणी | बिक्री का तरीका | नीलामी की दिनांक और समय | आरक्षित मूल्य (रु. में) | ईएमडी राशि और जमा करने की समयसीमा |
|---|---|---|---|---|
| सी एंड सी कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड | ऊपर उल्लेखित सभी बीजी कॉर्पोरेट ऋणदाता लाभकारी प्रतिष्ठान के रूप में चल रहा है उसको अपनाने/अधिग्रहण करने के साथ की बिक्री | दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 12 जून, 2023 की शाम 06.00 बजे तक | रुपये 158 करोड़ (जीएसटी के अलावा, टीडीएस और अन्य लागू कर और शुल्कों) | रुपये 5 करोड़ 31 मई, 2023 को या पहले |

यदि किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री नवनीत कुमार गुप्ता से **navneet@minervaresolutions.com** पर संपर्क करने में संकोच न करें।

**दिनांक : 17.05.2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

**नवनीत कुमार गुप्ता**
(पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-2017/10009)
(परिसमापक)

bob World | बैंक ऑफ़ बड़ौदा / Bank of Baroda | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

# सतत व्यावसायिक वृद्धि एवं लाभप्रदता

- कुल व्यवसाय ₹21,73,236 करोड़ — 16.6% वर्ष दर वर्ष
- निवल लाभ ₹14110 करोड़ — 94.0% वर्ष दर वर्ष
- ऑर्गेनिक रिटेल लोन — 26.8% वर्ष दर वर्ष
- एनएनपीए — 0.89%

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही / वर्ष के लिए लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन/समेकित वित्तीय परिणाम

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2023 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
| | | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2932274 | 2069590 | 9961438 | 8136473 | 3252806 | 2247046 | 11077798 | 8778019 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/ या असाधारण मदें) | 665217 | 189876 | 1972664 | 938644 | 709589 | 201005 | 2056454 | 1000830 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (आपवादिक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 665217 | 189876 | 1972664 | 938644 | 709589 | 201005 | 2056454 | 1000830 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (आपवादिक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 477533 | 177877 | 1410962 | 727228 | 525517 | 203155 | 1490520 | 784969 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल है] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | 9132662 | 7778738 | | | 9813076 | 8371723 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3143095 | 3143095 | 3143095 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 7695107 | 6129873 | 7695107 | 6129873 | 8218643 | 6587468 | 8218643 | 6587468 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2311150 | 2283750 | 2311150 | 2283750 | 2347194 | 2340352 | 2347194 | 2340352 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.43 | 0.53 | 0.43 | 0.53 | 0.47 | 0.56 | 0.47 | 0.56 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं है) - मूल (₹ में) डाइल्यूटेड (₹ में) | 9.23 | 3.44 | 27.28 | 14.06 | 10.16 | 3.93 | 28.82 | 15.18 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I, टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है.

**नोट :**

1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत समाप्त तिमाही / वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. समाप्त तिमाही / वर्ष के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है.
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है.
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 16.05.2023

ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक | जयदीप दत्ता राय, कार्यपालक निदेशक | देबदत्त चांद, कार्यपालक निदेशक | अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक | संजीव चड्ढा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी